अचानकमार टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से 05 ग्रामों सारसडोल, राजक, तिलईडबरा, बिरारपानी एवं छिरहट्टा के व्यवस्थापन के संबंध में विवरण

(भारत सरकार के पत्र दिनांक 18.03.2015 एवं 17.04.2015 के प्ररिप्रेक्ष्य में)

अचानकमार टाईगर रिजर्व के कोर क्षेत्र से व्यवस्थापन हेतु प्रस्तावित ग्राम तिलईडबरा, बिरारपानी, छिरहट्टा, सारसडोल एवं राजक का व्यवस्थापन हेतु ग्रामीणों द्वारा निम्नानुसार चयनित स्थल का भूमि व्यपवर्तन प्रस्ताव तैयार कर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली को प्रेषित किया गया था :–

क्रमांक	व्यवस्थापन हेतु चयनित ग्राम	व्यवस्थापन हेतु चयनित स्थल, चयनित ग्राम, ग्राम पंचायत का विवरण, जहां व्यवस्थापन प्रस्तावित है।								
		जिला	वनमंडल	परिक्षेत्र	परिसर	कक्ष क्रमांक	कुल रकबा (हे.)	व्यवस्थापन हेतु आवश्यक क्षेत्र (हे.)	ग्राम का नाम	ग्राम पंचायत का नाम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	तिलईडबरा	मुंगेली	बिलासपुर	लोरमी	सांवतपुर	RF 96	234.718	147.200	जोगीपुर	डोमनपुर
2.	सारसडोल	मुंगेली	बिलासपुर	लोरमी	चंदूपारा	RF 533 RF 534	221.768 242.407	73.318 102.032	कोसाबाड़ी	कोसाबाड़ी
						PF 1529	203.313	100.650		
3.	राजक	मुंगेली	बिलासपुर	लोरमी	भारतपुर	RF 556 RF 557 RF 558	261.427 145.262 150.139	91.400 99.500 92.000	भारतपुर	रहंगी
4.	बिरारपानी	बिलासपुर	मरवाही	गौरेला	तवाडबरा	PF 1254 PF 1255	312.750 440.550	75.900	तवाडबरा	पीपरखूंटी
5.	छिरहट्टा	बिलासपुर	मरवाही	गौरेला	तवाडबरा	PF 1254 PF 1255	312.750 440.550	57.500	तवाडबरा	पीपरखूंटी
						Total-	-	**839.500**		

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के पत्र क्रमांक 8–93/2013–एफसी दिनांक 18 मार्च 2015 एवं पत्र क्रमांक 8–93/2013–एफसी दिनांक 17 अप्रैल 2015 द्वारा ग्राम बिरारपानी एवं छिरहट्टा के ग्रामीणों द्वारा चयनित स्थल कक्ष क्रमांक 1254 एवं 1255 के क्षेत्र 133.400 हे. को घना जंगल होने के कारण अस्वीकृत करते हुए निम्नानुसार स्थलों में व्यवस्थापन कार्य हेतु भूमि व्यपवर्तन की स्वीकृति प्रदान की गई है –

क्रमांक	व्यवस्थापन हेतु चयनित ग्राम	व्यवस्थापन हेतु चयनित स्थल, चयनित ग्राम, ग्राम पंचायत का विवरण, जहां व्यवस्थापन प्रस्तावित है।								
		जिला	वनमंडल	परिक्षेत्र	परिसर	कक्ष क्रमांक	कुल रकबा (हे.)	व्यवस्थापन हेतु आवश्यक क्षेत्र (हे.)	ग्राम का नाम	ग्राम पंचायत का नाम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	तिलईडबरा	मुंगेली	बिलासपुर	लोरमी	सांवतपुर	RF 96	234.718	147.200	जोगीपुर	डोमनपुर
2.	सारसडोल	मुंगेली	बिलासपुर	लोरमी	चंदूपारा	RF 533 RF 534	221.768 242.407	73.318 102.032	कोसाबाड़ी	कोसाबाड़ी
						PF 1529	203.313	100.650		
3.	राजक	मुंगेली	बिलासपुर	लोरमी	भारतपुर	RF 556 RF 557	261.427 145.262	91.400 99.500	भारतपुर	रहंगी

						RF 558	150.139	92.000		
						Total-	-	**706.100**		

उक्त स्वीकृति प्राप्त होने के उपरांत वर्ष 2015–16 एवं 2016–17 के दरम्यान व्यवस्थापन प्रस्ताव तैयार करने की कार्यवाही के दौरान ग्राम सभा में ग्राम सारसडोल एवं राजक के ग्रामीणों द्वारा व्यवस्थापन हेतु सहमत नहीं होने के कारण तथा ग्राम तिलईडबरा, बिरारपानी एवं छिरहट्टा के ग्रामीणों द्वारा उक्त स्वीकृत स्थल में व्यवस्थापन होने हेतु सहमत होने पर व्यवस्थापन प्रस्ताव निम्नानुसार तैयार कर वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली तथा राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण नई दिल्ली को प्रेषित किया गया है।

क्रमांक	व्यवस्थापन हेतु चयनित ग्राम	व्यवस्थापन हेतु चयनित स्थल, चयनित ग्राम, ग्राम पंचायत का विवरण, जहां व्यवस्थापन प्रस्तावित है।								
		जिला	वनमंडल	परिक्षेत्र	परिसर	कक्ष क्रमांक	कुल रकबा (हे.)	व्यवस्थापन हेतु आवश्यक क्षेत्र हे.)	ग्राम का नाम	ग्राम पंचायत का नाम
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1.	तिलईडबरा	मुंगेली	बिलासपुर	लोरमी	सांवतपुर	RF 96	234.718	126.500	सांवतपुर	डोमनपुर
2.	बिरारपानी छिरहट्टा	मुंगेली	बिलासपुर	लोरमी	भारतपुर	RF 558	150.139	128.800	भारतपुर	रहंगी
						Total-	-	**255.300**		

राष्ट्रीय व्याघ्र संरक्षण प्राधिकरण, भारत सरकार नई दिल्ली के पत्र क्रमांक 4-1 (36) 2017-PT Dated 30.112017 द्वारा उक्त तीन ग्रामों तिलईडबरा, बिरारपानी एवं छिरहटटा के 133 परिवारों का व्यवस्थापन हेतु राशि 1330.00 लाख स्वीकृति प्रदान किया गया। जिसमें प्रथम चरण में रू. 1070.00 लाख विमुक्त किया गया। जिसमें रू. 0.50 लाख व्यय किया गया।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ रायपुर के पत्र क्रमांक/(भू–प्रबंध)/विविध 115–81/923 दिनांक 26.03.2018 द्वारा ग्राम सारसडोल, राजक, तिलईडबरा, छिरहट्टा एवं बिरारपानी के वर्तमान आवश्यकता एवं मार्ग को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार के समक्ष पुनः नवीन प्रस्ताव प्रेषित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त निर्देश के पालन में उप संचालक के कार्यालयीन पत्र क्रमांक/व्यय/1161 दिनांक 05.04.2018 द्वारा शेष राशि 1069.50 लाख को सरेन्डर किया गया तथा ग्राम तिलईडबरा, बिरारपानी एवं छिरहट्टा का भूमि व्यपवर्तन नवीन प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

व्यवस्थापन के द्वितीय चरण में 3 ग्रामों क्रमशः तिलईडबरा, बिरारपानी एवं छिरहट्टा के 133 परिवारों का व्यवस्थापन किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्तावित परिवारों में से विकल्प–01 के तहत् 22 परिवार तथा विकल्प–02 के तहत् 111 परिवारों का व्यवस्थापन किया जाना है।

क्र.	परिक्षेत्र	ग्राम का नाम	परिवार संख्या				आवश्यक भूमि	चयनित स्थल	व्यवस्थापन हेतु आवश्यक राशि (करोड़ में)
			कुल पट्टाधारी	विकल्प		गैर पट्टाधारी			
				I	II				
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

1	छपरवा	तिलईडबरा	77	22	55	-	**126.500**	लोरमी परिक्षेत्र के कक्ष. क्र. 96	**7.70**
2	लमनी	बिरारपानी	26	-	26	-	**59.800**	लोरमी परिक्षेत्र के कक्ष क्र. 558, 557	**2.60**
3	लमनी	छिरहट्टा	30	-	30	-	**69.000**		**3.00**
		Total-	**133**	**22**	**111**	-	**255.300**		**13.30**

उप संचालक

अचानकमार टाईगर रिजर्व

लोरमी, जिला–मुंगेली (छ.ग.)